# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–25 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्ताइसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का हवाई सर्वेक्षण कर के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा किए जाने के निर्देश दिए। अनुमान है कि नवंबर माह के अंतिम सप्ताह या दिसंबर में जेवर एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

**********

लोकआस्था का महापर्व, छठ आज नहाय–खाय के साथ शुरू हो गया है। चार दिन तक चलने वाला ये पर्व सूर्य देव को समर्पित है। एक रिपोर्ट

**प्रकृति की पूजा और स्वच्छता का प्रतीक छठ पर्व समूचे देश और विश्व में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। आज इस महापर्व की नहाय खाय के साथ शुरूआत हो गई है। कल पर्व के दूसरे दिन खरना होगा। खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू करेंगे। छठ पर्व के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था और पार्किंग के भी समुचित प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

**********

रेलवे ने छठ पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त संख्या के बीच देश भर में सुगम और सुरक्षित यात्रा के व्यापक प्रबंध किए हैं। एक रिपोर्ट–

**त्यौहारों के बाद अपने कार्यस्थलों पर लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 6 हजार 181 विशेष रेलगाडियां चलाई जाएँगी। रेल मंत्रालय ने कहा है कि अगले तीन दिन में नौ सौ से अधिक विशेष रेलगाडियां संचालित होंगी। रेलवे ने बताया है कि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के 30 प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच तैनात किए गए हैं। स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों, यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटरों और मोबाइल अनारक्षित टिकटिंग सुविधाओं के माध्यम से यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाया गया है। समाचार कक्ष से निखिल कुमार।**

उधर, लखनऊ मंडल के रेल प्रबंधक सुनील शर्मा ने बताया कि छठ पूजा को लेकर उत्तर प्रदेश और बिहार के सीमांत इलाकों पर उत्तर रेलवे की खास नजर है। विशेषकर बनारस और लखनऊ पर ज्यादा फोकस किया गया है। उत्तर रेलवे की जो समान्य रेलगाडियां संचालित हो रही हैं उनके अलावा तीन स्पेशल रेलगाड़ी भी चलाई जा रही है।

**********

सरकार ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एन.पी.एस. और एकीकृत पेंशन योजना– यू.पी.एस. के अंतर्गत लाइफ साइकिल–एलसी पचहत्तर और बैलेंस्ड लाइफ साइकिल – बी.एल.सी. जैसे निवेश विकल्पों के विस्तार को मंजूरी दे दी है। यह कदम उन कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप है, जो चाहते थे कि उन्हें भी निजी क्षेत्र की तरह निवेश के अधिक लचीले विकल्प मिलें।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

**इन जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय बढोत्तरी हुई है। ऑटोमोबाइल, कपड़ा, उर्वरक, इस्पात, डेयरी और नवीकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी की दरों को कम कर दिया गया है। ऑटोमोबाइल और उनके कल–पुर्जों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर अब 18 प्रतिशत कर दिया गया है। जीएसटी कम होने से, वाहनों की कीमत अब कम हो गई हैं। इससे वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है और निर्यात भी बढा है। इसके साथ ही, कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर भी जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे कृषि लागत में कमी आई है। भानु की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।**

**********

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने आज वाराणसी में 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित होने वाले रन फॉर यूनिटी समेत अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को जन भागीदारी के साथ भव्य रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत का स्वप्न साकार किया। उनकी जयंती पर ऐसे आयोजन हों, जो देश की एकता और अखंडता के संकल्प को सशक्त करें।

**********